

मैं भारतीय टीम को शानदार सफलता की शुभकामनायें देना चाहूंगा। और मैं उम्मीद करता हूं कि हमने पिछली बार जितने पदक जीते थे, उसकी तुलना में और ज्यादा पदक जीते और मुझे भरोसा है कि हम यह हासिल कर लेंगे।

रणधीर सिंह, ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष, एशियाई खेलों को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — रोजर फेडरर



**स्विस** स्टार रोजर फेडरर की 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने 20वें और अंतिम ठौंडस्लैम खिताब के दौरान पहनी गयी पोशाक की बुधवार से ऑनलाइन नीलामी होगी। नीलामी कराने वाली 'प्रेस्टिज मेमोरेबलिया' के अनुसार, '' नाइके की इस पोशाक के नीलामी में 35,000 डॉलर तक मिलने की उम्मीद है। इस पोशाक में उनकी शर्ट और शार्ट शामिल होंगे जिसमें दोनों पर फेडरर के हस्ताक्षर होंगे जिन्होंने एक साल पहले टेनिस को अलविदा कह दिया था। नीलामी के लिये बोली आठ अक्टूबर को समाप्त होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय मैच में पहला शतक 1972 में इंग्लैंड के डेनिस एमिस ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ओल्ड ट्रेफर्ड में बनाया था (134 गेंदों पर 103) रन।

## अंतिम पंघाल ने विश्व चैम्पियन पैरिश को धूल चटाई

बेलग्रेड (सर्बिया), 20 सितंबर। भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने क्वालीफिकेशन दौर में बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को धूल चटाकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहलवान पंघाल एक समय पहले दौर में इस मुकाबले में 0-2 से पीछे चल रही थी, लेकिन भारतीय महिला पहलवान ने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3-2 से जीत हासिल की। अमेरिकी पहलवान पैरिश शुरूआत में भारतीय पहलवान पर हावी थी। पैरिश ने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर उसे नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद हालांकि भारतीय 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण काफी मजबूत था और उन्होंने दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले दौर में आगे अपना कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी पहलवान का बायां पांव पकड़ कर नीचे गिराकर दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश इसके बाद कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसने अपना एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और विश्व चैंपियन पर जीत हासिल की। भारत की हालांकि पांच महिला और 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में पूरी तरह से वंचित रहे।

## मोटोजीपी के लिये तैयार बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट

ग्रेटर नोएडा, 20 सितम्बर। आगामी 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित होने वाली दो पहिया वाहनो की रेस 'मोटोजीपी वर्ल्ड चैम्पियनशिप' में दुनिया भर के दिग्गज बाइकर्स हिस्सा लेंगे। भारत पहली बार इस आयोजन की मेजबानी कर रहा है। रेस के जरिये रेपसोल होण्डा टीम से मार्क मार्क़ज और जोन मीर भारतीय प्रशंसकों से रूबरू होंगे। 4.96 किलोमीटर का बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट रेसिंग के एक और रोमांचक राउण्ड के लिए तैयार है, जिसमें रेसिंग प्रेमियों को लॉन्ग स्ट्रेट, टाइट हेयरपिन्स, टेकनिकल सेक्शन्स और ओवरटेकिंग्स देखने का मौका मिलेगा। मार्क मार्क़ज़ हमेशा से हर रेस ट्रैक को जल्दी ही समझ जाते हैं, यहां वे स्पीड हासिल करने और जल्द से जल्द बुद्ध के 13 कोनों को समझने की कोशिश करेंगे। दूसरी ओर जोन मीर को उम्मीद है कि सैन मरिना जीपी में ट्रिकी समापन के बाद नया आयोजन स्थल, उनके लिए नया भाग्य लेकर आएगा। चाहे कुछ भी हो इस सप्ताहान्त भारत में नया इतिहास बनेगा।

# हरमनप्रीत सिंह और लवलीना एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में होंगे ध्वजवाहक

नयी दिल्ली, 20 सितंबर। भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 23 सितंबर को हांगझोउ में एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए संयुक्त ध्वजवाहक बनाने का फैसला किया। एशियाई खेलों में इस दफा कुल 655 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जो देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है।

भारतीय दल के दल प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमने आज काफी सोच विचार के बाद यह फैसला किया। भारतीय वुशु संघ के प्रमुख बाजवा ने कहा, ''इस बार एशियाई खेलों के लिए हमारे दो ध्वजवाहक होंगे - हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन। स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक बने थे। लवलीना ने तोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता था। इस साल उन्होंने नयी दिल्ली में महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की 75 किग्रा स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

हरमनप्रीत दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में शुमार हैं और वह तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे जिससे भारतीय हॉकी टीम का ओलंपिक में चार दशक से ज्यादा लंबे समय से चला आ रहा पदक का सूखा समाप्त हुआ था।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक पर निगाह लगाये होगी ताकि वह 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल कर ले। बाजवा के साथ एशियाई खेलों में चार उप दल प्रमुख होंगे। वह आईओए द्वारा कुश्ती के लिए गठित तदर्थ समिति के चेयरमैन भी हैं।

## करुण नायर ने नार्थम्पटनशर के लिए बनाये नाबाद 144 रन

नई दिल्ली, 20 सितम्बर। त्वेसा मलिक ने बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर में दूसरे दौर के बाद बढ़त बरकरार रखी लेकिन उन्हें अनन्या दातर से कड़ी टक्कर मिल रही है। पहले दौर के बाद छह शॉट से आगे चल रही त्वेसा का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और उनकी बढ़त सिर्फ तीन शॉट की रह गई है। उन्होंने दूसरे दोर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। महिला पेशेवर गोल्फ टूर में पहले खिताब की तलाश में जुटी अनन्या का कुल स्कोर दो अंडर 142 है और वह दूसरे स्थान पर है। अनन्या ने पहले दौर के समान दूसरे दौर में भी एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। खुशी खानिजाउ एक ओवर 145 के स्कोर से तीसरे स्थान पर हैं।

## विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से मनोबल बढ़ाना चाहेंगे बांग्लादेशी क्रिकेटर

मीरपुर (बांग्लादेश), 20 सितंबर। इस महीने एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में असफल रहने के बाद बांग्लादेश की टीम गुरुवार से शुरु होने वाले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न्यूजीलैंड को हराकर 50 ओवर के विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ाने के लिए बेताब होगी।

बांग्लादेश ने अपने अहम खिलाड़ियों कप्तान शाकिब अल हसन, मुश्फिकुर रहीम, नजमुल हुसैन और तौहिद हृदय को आराम दिया है ताकि वे तरोताजा और चोटों से मुक्त रह सकें। हालांकि उसने अगले महीने होने वाले विश्व कप के लिए अपनी टीम घोषित नहीं की है।

न्यूजीलैंड ने विश्व कप टीम में शामिल अपने केवल पांच खिलाड़ियों को ही बांग्लादेश भेजा है जिसमें कार्यवाहक कप्तान लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी और विल यंग शामिल हैं। पिछले महीने वनडे कप्तानी छोड़ने वाले तमीम इकबाल पीठ की समस्या से उबरने के बाद बांग्लादेश की टीम में वापस आ चुके हैं। महमूदुल्लाह ने भी वापसी की है जिन्हें खराब फॉर्म के कारण मार्च में इंग्लैंड श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था।

शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करने वाले लिटन दास ने कहा, ''इस श्रृंखला से काफी चीजें हासिल करनी हैं। पहली चीज तो जीत ही विश्व कप से पहले हमारे लिए बड़ी उपलब्धि होगी। ''

फर्ग्यूसन अभी तक बांग्लादेश की सरजमीं पर नहीं खेले हैं और उनका कहना है, ''बांग्लादेश अपनी परिस्थितियों में काफी अच्छा खेलती है और यहां हमें बड़ी चुनौती मिलेगी। हमारे लिए ध्यान लगाना और परिस्थितियों के हिसाब से तेजी से अनुकूलित होना महत्वपूर्ण होगा। हममें से काफी खिलाड़ी यहां नहीं खेले हैं। न्यूजीलैंड ने 2008 के बाद से बांग्लादेश में कोई वनडे मैच नहीं जीता है।

## चीन के खिलाफ हार के बाद करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

हांगझोउ, 20 सितंबर। मेजबान चीन के खिलाफ पहले मैच में करारी हार के बाद भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के करो या मरो के ठ्ठुप मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम सोमवार देर शाम यहां पहुंची थी और उचित आराम और नींद के बिना उसने मंगलवार को चीन के खिलाफ अपना पहला मैच खेला जिसमें टीम को 1-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। नॉकआउट की दौड़ में बने रहने के लिए इगोर स्टिमक की टीम को ठ्ठुप ए मैच में बांग्लादेश को हर हाल में हराना होगा। बांग्लादेश के खिलाफ हार से भारत टूर्नामेंट से बाहर नहीं होगा क्योंकि छह ठ्ठुप से तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी लेकिन ऐसी स्थिति में अंतिम मैच से पहले काफी अनिश्चितता रहेगी।

## भारत को एशिया कप का ताज पहनाने वाले सिराज दुनिया में नंबर 1

दुबई 20 सितंबर। एशिया कप फाइनल में श्रीलंका की पारी को नेस्तनाबूद करने में अहम भूमिका निभाने वाले मोहम्मद सिराज एक बार फिर से दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गये हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में सिराज आठ पायदान की छलांग लगा कर शीर्ष पर पहुंचे हैं। कोलंबो में श्रीलंका को 50 रन पर आउट करने वाले सिराज के तूफान ने उन्हें एमआरएफ टायर्स आईसीसी पुरुष वनडे बॉलिंग रैंकिंग के चार्ट में शीर्ष पर पहुंचाने में मदद की है। उन्होने एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के छह विकेट मात्र 21 रन पर चटकाये थे। सिराज इससे पहले मार्च 2023 तक पहले स्थान पर है जहां आस्ट्रेलिया के जेसल हेजलवुड ने उनको हटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। सिराज ने एशिया कप में 12.2 की औसत से 10 विकेट लिए। इससे उन्हें आठ स्थान की छलांग लगाने और हेज़लवुड, ट्रेंट बोल्ट, राशिद खान और मिशेल स्टार्क से आगे निकलने में मदद मिली। सिराज के अलावा एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गये कुलदीप यादव ने भी आईसीसी गेंदबाजी रैंकिग में नौवां स्थान हासिल किया है। शीर्ष दस में स्थान बरकरार रखने वाले शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान के इकलौते गेंदबाज है जो 632 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं। मुजीब उर रहमान और राशिद की अफगान स्पिन जोड़ी भी अपनी रैंकिंग में सुधार करके क्रमशः नंबर चार और नंबर पांच पर पहुंच गई। भारतीय टीम एक दिवसीय रैंकिंग में पाकिस्तान के बाद दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी रैंकिंग के टाप टेन में तीन भारतीय बल्लेबाजों ने जगह बनायी है। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले शुभमन गिल पाकिस्तान के बाबर आजम के बाद आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि विराट कोहली आठवें और रोहित शर्मा दसवें स्थान पर हैं। उधर, आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे वन डे में 174 रन की पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 पायदान की छलांग लगायी है और अब वह नौवें स्थान पर पहुंच चुके हैं। आईसीसी टी20 में लगभग एक साल तक नंबर वन रहे इंग्लैंड के डेविड मलान ने वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग हासिल की है। उन्होने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में 92.33 की औसत और 105.72 की स्ट्राइक-रेट के साथ 277 रन बनाये थे। मलान के हमवतन बेन स्टोक्स, जिन्होंने द ओवल में 182 रनों की तूफानी पारी के साथ अपनी वनडे वापसी का जश्न मनाया, वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## वनडे सीरीज के लिये ऑस्ट्रेलिया टीम दिल्ली पहुंची

नई दिल्ली 20 सितंबर। एक दिवसीय विश्व कप से पहले भारत के साथ दो मैचों की संक्षिप्त वन डे सीरीज को खेलने के लिये आस्ट्रेलिया की टीम बुधवार को पहुंच गयी। आस्ट्रेलिया की टीम अपना पहला मैच 22 सितंबर को मोहाली में खेलेगी। विश्व कप से पहले दोनों ही टीमों की यह आखिरी वनडे सीरीज होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप में भी अपने अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को एक-दूसरे के खिलाफ खेल कर करेंगे। दिल्ली पहुंचने के बाद डेविड वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें वह सुरक्षाकर्मी के साथ सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, भारत आने पर स्वागत किये जाने पर हमेशा अच्छा लगता है। हमारी हमेशा अच्छी तरह से देखभाल की जाती है और अच्छी तरह से सुरक्षा दी जाती है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर इन दिनों अच्छी फॉर्म में हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके बल्ले से खूब रन निकले थे। वहीं वनडे में भारत के खिलाफ भी वॉर्नर के आंकड़े देखने लायक हैं। भारत के विरुद्ध उन्होंने अब तक 22 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 50.65 की औसत से 1013 रन बनाये हैं। इस दौरान उनके बल्ले से तीन शतक और छह अर्धशतकीय पारियां निकली हैं और 122 नाबाद उनका उच्चतम स्कोर रहा है।

**ऑस्ट्रेलिया टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), शॉन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लैबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस , डेविड वॉर्नर, एडम ज़म्पा।

## ओडिशा टी-20 राष्ट्रीय बधिर क्रिकेट चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा

नयी दिल्ली, 20 सितंबर। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) टी-20 राष्ट्रीय बधिर क्रिकेट चैंपियनशिप 25 सितंबर से ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू होगी। ओडिशा बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (ओडीसीए) के सचिव सागरकांत सेनापति ने कहा, हमें बधिरों के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर में आईडीसीए सातवीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। इस सात दिन लम्बे चैंपियनशिप में 19 टीमें राष्ट्रीय चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल करने के लिए आपस में भिड़ेगी करेंगी। सभी टीमों को चार अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। ये टीमें फाइनल में पहुंचने से पहले एक-दूसरे के साथ 42 मैच खेलेंगी।

ओडिशा बधिर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मैच भुवनेश्वर के चार अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। फाइनल मैच एक अक्टूबर 2023 को ईस्ट कोस्ट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन स्टेडियम, भुवनेश्वर में खेला जाएगा। फाइनल मैच एक अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे शुरू होगा, जिसके दौरान विजेता टीम और उसके खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

टी-20 चैंपियन टीम को 1,00,000 रुपये का पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता को 50,000 रुपये मिलेंगे। बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण, सुपर सिक्स और अन्य श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पांच-पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। मैच के बाकी सभी खिलाड़ियों को 2100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।







गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन बुधवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को राज्यपाल कलराज मिश्र ने पूजा कर रवाना किया। शोभायात्रा के दौरान भारी भीड़ मौजूद रही। इसमें चंद्रयान-3 की झांकी भी सजाई गई जिसे लोग देखते रहे।

## विशेष शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर प्रमुख शिक्षा सचिव तलब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को सात अक्टूबर को अदालत में रिकॉर्ड सहित हाजिर होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने दोनों अधिकारियों से पूछा है कि जिन स्कूलों में विशेष विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं, उन स्कूलों में विशेष शिक्षक नियुक्त करने के क्या प्रावधान है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश विशेष योग्यजन कल्याण और पुनर्वास समिति की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने अदालत को कहा कि केन्द्र सरकार के प्रावधानों के तहत विशेष योग्यजन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए स्कूल में विशेष शिक्षक नियुक्त होना चाहिए। राज्य सरकार ने विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के लिए अलग से स्कूल स्थापित किए हैं, लेकिन वह काफी कम हैं। ऐसे में राज्य सरकार को निर्देश दिए जाए कि ऐसे विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए हर स्कूल में विशेष शिक्षक लगाए जाए या हर इलाके में कम से कम एक विशेष स्कूल की स्थापना की जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जिन सामान्य स्कूलों में कम से कम पांच विशेष योग्यजन विद्यार्थी हैं, वहां विशेष शिक्षक नियुक्त किए जाते हैं। इसके अलावा एक अन्य विशेष विद्यार्थी के परिजन की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने प्रार्थना पत्र दायर कर कहा कि सांगानेर तहसील में ऐसी अलग से कोई स्कूल नहीं है और ना ही इस क्षेत्र की सरकारी स्कूलों में विशेष शिक्षक नियुक्त हैं। राज्य सरकार की नीति के चलते यदि किसी स्कूल में पांच से कम विशेष विद्यार्थी हैं तो वहां विशेष शिक्षक नहीं है।

ऐसे में इन स्कूलों में ऐसे विद्यार्थियों का पढने का अधिकार का हनन हो रहा है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने दोनों अधिकारियों को रिकॉर्ड सहित हाजिर होकर इस संबंध में जानकारी देने को कहा है।

# पहली बार प्रधानमंत्री की सभा की व्यवस्थाओं का जिम्मा संभालेंगी महिलाएं : भजनलाल

- 'परिवर्तन संकल्प यात्रा को मिले जन-आशीर्वाद के बल पर कह सकता हूं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी'
- नारी शक्ति वंदन बिल से महिलाओं का होगा सशक्तिकरण और पीएम की सभा को लेकर प्रदेश की महिलाओं में ज़बरदस्त उत्साह : सौम्या गुर्जर

**जयपुर**। भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को प्रदेशभर में मिले जनसमर्थन और जनआशीर्वाद के बाद 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जयपुर के दादिया में प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा और जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत त्रिनेत्र गणेश मंदिर सवाईमाधोपुर से हुई थी। यह यात्रा प्रदेश के 47 विधानसभा क्षेत्रों में 1944 किलोमीटर चली। यात्रा का समापन कल मंगलवार को जयपुर के सभीविधानसभा क्षेत्रों जिसमें झोटवाड़ा, सांगानेर, सिविल लाईन्स, किशनपोल, विद्याधरनगर, हवामहल, आदर्श नगर विधानसभाओं से होते हुए मालवीय नगर विधानसभा के भाटिया भवन में हुआ।

प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा डूंगरपुर-बांसवाड़ा के बेणेश्वर धाम से शुरू हुई थी जिसका कल कोटा में समापन होगा। यह यात्रा प्रदेश के 52 विधानसभाओं में चलेगी जिसमें अभी तक 2382 किलोमीटर चल चुकी है। वहीं तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत रामदेवरा जैसलमेर से हुई थी जो कि 51 विधानसभाओं से होकर गुजरेगी और अभी तक 2423 किलोमीटर चल चुकी है, यात्रा का समापन कल जोधपुर में होगा। चौथी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी से हुई थी, यह यात्रा 50 विधानसभा क्षेत्रों से होकर अभी तक 1900 किलोमीटर चल चुकी है, यात्रा का समापन अलवर में होगा। चारों दिशाओं से निकली चारों परिवर्तन संकल्प यात्राएं कुल 10 हजार किलोमीटर चलेंगी।

शर्मा ने कहा कि परिवर्तन संकल्प यात्राओं को लेकर प्रदेश की जनता के भीतर बेहद उत्साह और जोश देखने को मिला। जनता की जनसहभागिता के चलते यह यात्रा जन-जन की यात्रा बन गई। इस यात्रा में कुछ स्थानों पर मेरा भी जाना हुआ। जहां हमने देखा कि यात्रा के दौरान किसानों ने खेतों से महिलाओं ने घरों की छत से और बसों के ऊपर से यात्रा का अभिवादन किया। कांग्रेस की महाभ्रष्ट, युवा विरोधी, किसान विरोधी, महिला अत्याचारी और दलित अत्याचार करने वाली इस सरकार को जनता ने उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।

जयपुर महापौर सौम्या गुर्जर ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आकर प्रदेश की जनता परिवर्तन का जनमानस बना चुकी है। कल देश के लिए एक ऐतिहासिक गौरव का दिन था। जब प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन में प्रवेश के साथ ही देश की महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन बिल रखा।

## करोना से अनाथ बच्चों को मिलेंगी सरकारी नौकरियां

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 63 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

इसमें प्रदेश में शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए 200 से अधिक सामाजिक संस्थाओं को भूमि आवंटन करने का बड़ा फैसला लिया गया है। साथ ही, कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों की सरकारी नौकरियों के लिए नियमों में संशोधन किया गया है। मंत्रिमंडल ने राजकीय कर्मचारियों के पदोन्नति के अवसर बढ़ाने और वेतन विसंगतियों को दूर करने के प्रस्तावों का अनुमोदन किया है।

मंत्रिमंडल ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बालक-बालिकाओं को वयस्क होने पर सरकारी नौकरी दिए जाने के लिए विभिन्न सेवा नियमों में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## बोनस अंकों का लाभ नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में सीएचए को बोनस अंकों का लाभ नहीं देने चिकित्सा विभाग से जवाब तलब किया है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम रूप से बोनस अंकों का लाभ देने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश पवन कुमार व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने कोविड काल में सीएचए के पद पर अन्य नर्सिंग स्टाफ के साथ काम किया था। इसके बावजूद भी भरतपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उनके अनुभव प्रमाण पत्र में उन्हें नर्सिंग स्टाफ के समान कार्य करना नहीं बताया। जिसके चलते नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में उनके अनुभव प्रमाण पत्र पर बोनस अंक नहीं दिए जा रहे हैं। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता राजस्थान चिकित्सा अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 के नियम 19 के तहत अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर बोनस अंक प्राप्त करने का हकदार है। इसके अलावा याचिका में यह भी कहा गया कि दूसरे कई जिलों में सीएचए का काम करने वाले अभ्यर्थियों को बोनस अंकों का लाभ दिया गया है। याचिका में गुहार की गई है कि याचिकाकर्ताओं को नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में बोनस अंकों का लाभ देकर नियुक्ति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम रूप से बोनस अंकों का लाभ देने को कहा है।